web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Social Justice Union (Govt. Registered)

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 16 सितंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 350

## महत्वपूर्ण एवं खास

### इंडिगो की मुंबई-दोहा फ्लाइट रद्द, 5 घंटे तक फ्लाइट में फंसे रहे यात्री, न खाना दिया और न पानी

**मुंबई (आरएनएस)।** इंडिगो की मुंबई से दोहा जाने वाली फ्लाइट 6ई 1303 तकनीकी खराबी के चलते रद्द हो गई, जिससे सैकड़ों यात्री मुंबई एयरपोर्ट पर फंस गए। यात्रियों ने आरोप लगाया है कि उन्हें विमान के अंदर पांच घंटे तक बिना किसी जानकारी या सुविधा के इंतजार करना पड़ा। यात्रियों के अनुसार, फ्लाइट को देर रात करीब 2:30 बजे टेक ऑफ करना था, लेकिन तकनीकी खराबी के कारण फ्लाइट बार-बार टेक ऑफ की कोशिश में नाकाम रही। अंतत: फ्लाइट को रद्द कर दिया गया। यात्रियों का कहना है कि उन्हें भोजन, पानी या कोई अन्य सुविधा नहीं दी गई और एयरलाइन की ओर से कोई उचित जानकारी भी नहीं दी गई। इंडिगो के एक प्रवक्ता ने इस घटना पर खेद व्यक्त करते हुए कहा कि तकनीकी खराबी के कारण फ्लाइट में देरी हुई और अंतत: इसे रद्द करना पड़ा। उन्होंने बताया कि यात्रियों को अगली फ्लाइट के लिए फिर से बुक किया जा रहा है और उनके लिए होटल की व्यवस्था भी की जा रही है। इस घटना से यात्रियों में काफी रोष है। कई यात्रियों ने सोशल मीडिया पर अपनी मुश्किलों को साझा किया है। उनका कहना है कि इस तरह की घटना से उनकी यात्रा बर्बाद हो गई है और उन्हें काफी मानसिक परेशानी हुई है।

### मोदी 3.0 : पहले 100 दिनों में तीन लाख करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को मंजूरी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में तीन लाख करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को मंजूरी दी है। सरकार ने कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने, आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को सुविधाजनक बनाने के लिए बुनियादी ढांचे में 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई है। पीएम मोदी ने 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एक व्यापक योजना तैयार की है। पिछले महीने के अंत में, पीएम मोदी ने महाराष्ट्र के पालघर जिले में 76,000 करोड़ रुपये की लागत वाली मेगा वधवन पोर्ट परियोजना और कई अन्य विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। मुंबई से बमुश्किल 150 किलोमीटर दूर दहानू कस्बे के पास स्थित वधवन बंदरगाह देश के सबसे बड़े गहरे पानी के बंदरगाहों में से एक होगा और केंद्र के बंदरगाह-आधारित अर्थव्यवस्था दृष्टिकोण को बढ़ावा देगा। यह भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में बड़े बंदरगाहों को महत्वपूर्ण योगदानकर्ता बनाने की परिकल्पना करता है। इसके पूरा होने पर, इससे देश में 12 लाख नौकरियां और लगभग 1 करोड़ अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। केंद्रीय बजट में राजमार्गों, बंदरगाहों, रेलवे और बिजली संयंत्रों सहित बुनियादी ढांचे के क्षेत्र के लिए 11.11 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, और विकास को गति देने और अधिक नौकरियां पैदा करने के लिए अगले पांच वर्षों तक इस योजना को जारी रखने की योजना है। सरकार ने अगले दशक में बंदरगाह क्षमता और बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए अपने 'मैरीटाइम इंडिया विजन 2030' के तहत बड़े पूंजीगत व्यय की योजना बनाई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे कुछ क्लस्टरों में आपूर्ति-मांग में असंतुलन पैदा हो सकता है। इसके परिणामस्वरूप बंदरगाहों के लिए प्रतिस्पर्धा और मूल्य निर्धारण दबाव बढ़ सकता है।

### बुखार से ग्रसित दो बच्चों की मौत

**चित्रकूट (आरएनएस)।** अलग-अलग स्थानों में बुखार से दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पहाड़ी थाना क्षेत्र के परसौंजा गांव निवासी नत्थू ने बताया कि तीन वर्षीय हिमांशू को बीते दो दिन पहले बुखार आया। जिसका इलाज चल रहा था। हालत में सुधार होने पर बीती सुबह जिला अस्पताल लेकर गए। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसके अलावा झांसी जिले के मऊरानीपुर निवासी राजेन्द्र कुमार की तीन वर्षीय पुत्री रबीना अपनी मां ज्ञानमती के साथ ननिहाल सलैया पुरवा कर्वी बीते दिनो आई थी। दो दिन से बुखार आ रहा था। परिजन देर रात जिला अस्पताल लाए। जहां उसकी मृत्यु हो गई। घटना से दोनो मृत बच्चों के परिवार में कोहराम मच गया।

---

मेरठ बिल्डिंग हादसा

# मलबे में दबकर एक ही परिवार के 10 लोगों की मौत, 5 की हालत गंभीर

❐ रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

**मेरठ | आरएनएस**



उत्तर प्रदेश के मेरठ में शनिवार की शाम को एक बड़ा हादसा हो गया। यहां एक तीन मंजिला बिल्डिंग ढह गई, जिसमें अब तक दबकर 10 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 5 लोगों की हालत गंभीर है। मरने वाले सभी एक ही परिवार के थे। बिल्डिंग गिरने के बाद मौके पर भगदड़ मच गई। पुलिस, फायर ब्रिगेड के साथ एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। एहतियातन घटनास्थल के आस-पास के घरों को भी खाली करा लिया गया है।

यह घटना लोहिया नगर थाना इलाके के जाकिर कॉलोनी की है, जहां ग्राउंड फ्लोर के साथ दो मंजिला बनी एक 35 साल पुरानी बिल्डिंग ढह गई। बताया जा रहा है कि नीचे ग्राउंड फ्लोर पर डेयरी चला करती थी। यहां कई दुधारू पशु भी बंधे हुए थे और घर के सभी लोग ऊपरी दो मंजिलों में रहा करते थे। रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी टीमों को भी काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा क्योंकि ये शहर का पुराना इलाका है। यहां की गलियां बहुत ही संकरी है, जिसकी वजह से बड़ी मशीन और बुलडोजर रेस्क्यू के लिए नहीं आ पाए।

मेरठ के जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बताया है कि प्रशासन को बिल्डिंग के अंदर मौजूद जिन 15 लोगों की लिस्ट दी गई थी। उन सभी 15 लोगों का रेस्क्यू कर लिया गया है। इनमें से 10 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि पांच लोगों का गंभीर हालत में अस्पताल में इलाज चल रहा है। मलबे में दबने वालों में केवल एक पुरुष है, जबकि तीन महिलाएं हैं, जिनकी उम्र 18 साल से ज्यादा है। इनके अलावा सभी बच्चे हैं, जिनकी उम्र 18 साल से कम है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने मेरठ में हुए हादसे का संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

# खाटू श्याम जी के दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं की कार ट्रक से टकराई, 6 लोगों की मौत



**बूंदी | आरएनएस**

राजस्थान के बूंदी जिले में रविवार सुबह एक भीषण सडक़ हादसा हुआ है। इस हादसे में ईको कार में सवार 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि तीन लोग जख्मी हो गए हैं। सभी लोग मध्य प्रदेश से आ रहे थे और सीकर स्थित खाटू श्याम जी के दर्शन के लिए जा रहे थे। पुलिस ने मृतकों के शव कब्जे में लेकर आगे की कारर्वाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार यह हादसा बूंदी के हिण्डोली थाना क्षेत्र में हुआ। यहां तालाब से लगते हुए ओवरब्रिज के पास ट्रक और ईको कार में आमने-सामने टक्कर हो गई, जिससे कार बुरी तरह से क्षतिगस्त हो गई और कार में सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि तीन लोग जख्मी हो गए।

पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही इनके परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

# चंडीगढ़ विस्फोट मामला : ग्रेनेड अटैक में दूसरा आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार; गुरदासपुर का है रहने वाला

**चंडीगढ़ | आरएनएस**

चंडीगढ़ में सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी के घर हुए ग्रेनेड विस्फोट के मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी विशाल को भी गिरफ्तार कर लिया है। पंजाब पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों की मदद से दिल्ली से विशाल को पकड़ा है। उसकी पहचान गुरदासपुर के गांव रायमल नजदीक ध्यानपुर थाना कोटली सूरत मल्लियां बलाटा के रूप में हुई है। विशाल ग्रेनेड अटैक के दौरान सीसीटीवी फुटेज में नजर आया था। इससे पहले, एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

बता दें यह घटना चंडीगढ़ के सेक्टर 10 इलाके में बुधवार शाम हुई थी, जिससे घर की खिड़कियां और फूलों के गमले क्षतिग्रस्त हो गए थे। चंडीगढ़ के सेक्टर 10 में एक कोठी पर हैंड ग्रेनेड अटैक का मामला सामने आया था। जानकारी के मुताबिक, पंजाब के रिटायर एसपी इस हमले का निशाना थे, जो कई आतंकवादी मामले की जांच कर चुके हैं। जांच एजेंसियों को शक है कि यह हमला अमेरिका और पाकिस्तान में बैठे खालिस्तानी आतंकियों की साजिश है। साल 2023 में भी पूर्व एसपी पर अटैक की योजना बनाई गई थी और इसी कोठी की रेकी की गई थी लेकिन प्लान फेल हो गया था।

विस्फोट से कुछ देर पहले ही तीन लोग ऑटोरिक्शा में सवार होकर घटनास्थल पर पहुंचे थे। धमाका इतना जोरदार था कि दूर से भी उसकी आवाज सुनी जा सकती थी। सूत्रों के मुताबिक, हमलावरों ने ग्रेनेड हमले से ठीक दो दिन पहले घर की निगरानी की थी। सीसीटीवी कैमरे में विस्फोट के वक्त की घटना कैद हो गई है। फुटेज में एक ऑटोरिक्शा तेजी से भागता हुआ दिखाई दे रहा है, जो विपरीत दिशा से आ रही एक कार को चकमा देकर तेजी से मुड़ जाता है।

# पीएम मोदी ने 6 नई वंदे भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी

**नई दिल्ली | आरएनएस**



पीएम मोदी आज टाटानगर यानि जमशेदपुर नहीं पहुंच सके। खराब मौसम के चलते उनके प्लान में बदलाव कर दिया गया। हालांकि, टाटानगर से वंदे भारत ट्रेन अब रवाना हो चुकी है। पीएम मोदी ने रांची से ऑनलाइन होकर6 नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी दिखाई। मौसम खराब होने की वजह से रांची से जमशेदपुर की उड़ान नहीं भड़ी जा सकी। बता दें कि झारखंड के कई हिस्सों में रविवार की अहले सुबह से हवाओं के साथ वर्षा जारी है।

पीएम मोदी ने वीडियो कांफेंसिंग के माध्यम से छह वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि ऑनलाइन हस्तांतरित की। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने 650 करोड़ की रेल परियोजनाओं का उद्घाटन तथा शिलान्यास किया। पीएम का टाटानगर स्टेशन में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करने तथा रोड़ शो का कार्यक्रम स्थगित हो गया। भाजपा की ओर से इसकी आधिकारिक सूचना दी गई, लेकिन गोपाल मैदान में आयोजित होने वाली सभा को लेकर अभी सस्पेंस बरकरार है।

जमशेदपुर में आयोजित कार्यक्रम को लेकर पीएम मोदी रविवार की सुबह 9:05 बजे वायु सेवा के विशेष विमान से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन प्रधानमंत्री से मिलने एयरपोर्ट नहीं पहुंचे। एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री से मुलाकात करने के बाद भाजपा के सभी नेता पुराने टर्मिनल भवन से बाहर आए। राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने बताया कि जमशेदपुर में मौसम खराब होने के कारण प्रधानमंत्री एयरपोर्ट पर ही रुकना पड़ा।

बता दें ये छह नई ट्रेनें टाटा नगर-पटना, ब्रह्मपुर-टाटा नगर, राउरकेला-हावड़ा, देवघर-वाराणसी, भागलपुर-हावड़ा और गया-हावड़ा के बीच चलेंगी। इन नई वंदे भारत ट्रेनों के जरिए देवघर में बैद्यनाथ धाम, वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर, कोलकाता में कालीघाट और बेलूर मठ जैसे धार्मिक स्थलों तक तीर्थयात्रियों को जल्दी पहुंचने में मदद मिलेगी।

# पुंछ और राजौरी में सुरक्षाबलों व आतंकियों में मुठभेड़, दोनों तरफ से हो रही भीषण गोलीबारी; जवानों ने जंगल को घेरा

**जम्मू | आरएनएस**



जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच बीती रात मुठभेड़ हो गई। पूरी रात सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच रुक-रुककर गोलीबारी जारी रही। अधिकारियों ने बताया कि पुंछ जिले में आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार शाम मेंढर के गुरसाई टॉप के पठानतीर इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया।

सुरक्षाबलों ने जब इलाके की घेराबंदी की, तभी छिपे हुए आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारियों ने बताया, इलाके में रुक-रुककर गोलीबारी हो रही है। सुरक्षाबलों की संख्या बढ़ाने के लिए अतिरिक्त बल मौके पर भेजा गया है। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 25 सितंबर को पुंछ और राजौरी जिलों में मतदान होना है।

जम्मू डिवीजन के पहाड़ी जिलों पुंछ, राजौरी, डोडा, कठुआ, रियासी और उधमपुर में पिछले दो महीनों से अधिक समय से सेना, सुरक्षाबलों और नागरिकों पर आतंकवादी हमले हुए हैं। आतंकवादी घात लगाकर अचानक हमला करते हैं और फिर पहाड़ी क्षेत्रों के जंगलों में गायब हो जाते हैं।

इन हमलों के लिए विदेशी आतंकवादियों के एक समूह को जिम्मेदार बताया जा रहा है। यह आतंकी 40 से 50 की संख्या में हैं। यह रिपोर्ट आने के बाद सेना ने उन जिलों के घने जंगलों वाले इलाकों में 4,000 से अधिक प्रशिक्षित सैनिकों को तैनात किया है, जिनमें विशिष्ट पैरा कमांडो और पर्वतीय युद्ध में प्रशिक्षित सैनिक शामिल थे।

बता दें कि चिनाब घाटी क्षेत्र के डोडा, किश्तवाड़ और रामबन जिलों में फैली आठ विधानसभा सीटों के साथ-साथ दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग, पुलवामा, शोपियां और कुलगाम जिलों की 16 सीटों पर पहले चरण में 18 सितंबर को मतदान होगा। जम्मू, कठुआ और सांबा जिलों में 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर चुनाव के दूसरे और तीसरे चरण में मतदान होगा।

# साइबर ठगों का तांडव, महिला पुलिसकर्मी समेत 3 लोगों से ठग लिए 67 लाख रुपए

**वाराणसी | आरएनएस**

वाराणसी में साइबर ठगों ने एक सुनियोजित तरीके से तीन लोगों को अपना शिकार बनाया है। इनमें एक महिला पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। ठगों ने इन लोगों से विभिन्न तरीकों से 67 लाख रुपये की ठगी की है। पीड़ितों ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई है और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**क्या है मामला-** आधार कार्ड का फर्जी इस्तेमाल : सुंदरपुर के रुद्रा टावर निवासी गुलाब लाल श्रीवास्तव को वाट्सएप पर कॉल कर बताया गया कि उनके आधार कार्ड का फर्जी इस्तेमाल करके अवैध गतिविधियां की जा रही हैं। उन्हें सीबीआई का डर दिखाकर 57 लाख रुपये ठग लिए गए।

पार्ट टाइम जॉब का झांसा : सारनाथ के ग्राम कल्यानपुर निवासी अरविंद सिंह को पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर 7 लाख 3 हजार 714 रुपये ठग लिए गए। ठगों ने टेलीग्राम के जरिए उनका बैंक खाता खुलवाया और फिर धोखे से रुपये निकाल लिए।

पेंशन के नाम पर ठगी : वाराणसी पुलिस लाइन में रह रही गीता सिंह को फोन कर बताया गया कि उनकी पेंशन बन गई है। एक लिंक पर क्लिक करने के लिए कहा गया और इस तरह उनसे 10 लाख रुपए ठग लिए गए।

तीनों पीड़ितों ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और साइबर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस पीड़ितों से विस्तृत जानकारी जुटा रही है और सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है।

**क्या करें**

* अज्ञात नंबरों से आने वाले कॉल और मैसेज से सावधान रहें।

* किसी भी लिंक पर क्लिक करने से पहले अच्छी तरह से सोचें।

* अपनी व्यक्तिगत जानकारी जैसे बैंक खाते की डिटेल, ओटीपी आदि किसी के साथ साझा न करें।

* अगर आपको किसी तरह की धोखाधड़ी का शिकार बनाया जाता है तो तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराएं।

# मनीष सिसोदिया नहीं बनेंगे मुख्यमंत्री, मंच से केजरीवाल ने किया ऐलान

**नई दिल्ली | आरएनएस**




दिल्ली की तिहाड़ जेल से जमानत पर बाहर आने के दो दिन बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बड़ा ऐलान कर दिया। अरविंद केजरीवाल ने ना सिर्फ मुख्यमंत्री पद छोडऩे की बात कह डाली, इसके साथ ही दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री के नाम को लेकर भी इशारा किया।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को पार्टी मुख्यालय में आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान केजरीवाल ने सीएम पद से इस्तीफा देने की घोषणा की। उन्होंने मंच से साफ कर दिया कि मनीष सिसोदिया दिल्ली के मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे।

केजरीवाल ने कहा कि मेरे इस्तीफा देने के बाद आम आदमी पार्टी का कोई नेता सीएम बनेगा। अगले दो-तीन दिन के अंदर विधायक दल की बैठक होगी। उसमें सीएम के नाम का ऐलान किया जाएगा। मनीष सिसोदिया का भी कहना है वो दिल्ली के डिप्टी सीएम और शिक्षा मंत्री का पद तभी संभालेंगे, जब दिल्ली की जनता कहेगी, सिसोदिया ईमानदार हैं। मेरा और मनीष सिसोदिया का फैसला आपके हाथ में है। हम जनता की अदालत में जा रहे हैं।

केजरीवाल ने कहा कि मुझ पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं और मैं अग्नि परीक्षा देने को तैयार हूं। अगले दो दिन बाद पद से इस्तीफा देने जा रहा हूं। मैं तब तक सीएम की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा, जब तक जनता अपना फैसला नहीं सुना दे। मैं गली-गली, घर-घर जाऊंगा। कुछ महीने बाद दिल्ली विधानसभा के चुनाव हैं। आपको लगता है कि केजरीवाल ईमानदार हैं तो मेरे पक्ष में वोट दें, अगर लगता है कि केजरीवाल गुनाहगार है तो मुझे वोट मत दें। अगर आप मुझे वोट देकर जिताएंगे और कहेंगे कि केजरीवाल ईमानदार है, तो चुनाव के बाद मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठूंगा। उससे पहले मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा।

केजरीवाल ने कहा कि इनका फॉर्मूला है कि जहां-जहां चुनाव हारे, वहां-वहां के मुख्यमंत्रियों पर फर्जी केस दर्ज करके गिरफ्तार कर लो और सरकार गिरा दो। इन्होंने कर्नाटक के मुख्यमंत्री, केरल के मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री पर भी केस कर रखे हैं। अगर मैं इस्तीफा दे देता, ये विपक्ष के एक भी मुख्यमंत्री को नहीं छोड़ते, फर्जी केस बनाकर जेल में डाल देते। सबकी सरकार गिरा देते।

केजरीवाल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की एक बेंच ने सरकार से पूछा है कि जेल के अंदर से सरकार क्यों नहीं चलती सकती? उन्होंने कहा कि जेल के अंदर से सरकार चल सकती है। मैं देश के सभी गैर भाजपाई मुख्यमंत्री से हाथ जोडक़र विनती करना चाहता हूं कि अगर आपको केंद्र सरकार फर्जी केस करके जेल में डाले तो किसी हालत में इस्तीफा मत देना, जेल से सरकार चलाना। हमारे लिए पद जरूरी नहीं है, हमारे लिए संविधान और लोकतंत्र जरूरी है।

उन्होंने जिक्र किया कि भारी बहुमत से जीती सरकार, एक बार 70 में से 67 सीट आई और फिर 70 में से 62 सीटें आई। आप उठाकर जेल में बंद कर दोगे और कहोगे कि इस्तीफा दो। मैं सारे मुख्यमंत्रियों से आज हाथ जोडक़र विनती करना चाहता हूं कि इनका यह नया फॉर्मूला भी आम आदमी पार्टी ने फेल कर दिया।

केजरीवाल ने दिल्ली के स्कूलों का जिक्र करते हुए कहा कि 16 लाख बच्चे दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ते थे। सरकारी स्कूलों की हालत बहुत खराब थी। टूटे-फूटे स्कूल थे, कोई पढ़ाई नहीं होती थी। हमने 18 लाख बच्चों के लिए बीते 10 सालों में अच्छे स्कूल बना कर दिए हैं और हम ऐसा इसलिए कर पाए क्योंकि हम ईमानदार हैं। आज अगर किसी के घर में कोई बीमार हो जाए और प्राइवेट अस्पताल में ले जाएं तो लाखों रुपए का बिल आता है। हमने दिल्ली के अंदर हर सरकारी अस्पताल को शानदार बनाया। नए अस्पताल खोले, गली-गली मोहल्ला क्लीनिक खोलकर सबका इलाज, सबकी दवाई मुफ्त कर दी। आज जब दिल्ली की महिलाएं बस में सफर करती हैं तो उनकी टिकट नहीं लगती। दिल्ली में फ्री बिजली मिल रही है। देश में कई सरकारें घाटे में चल रही है, लेकिन दिल्ली की सरकार यह सब सुविधा देने के बावजूद फायदे में है।